# भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग प्रारम्भ

## कई बड़े नेता शामिल




**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 9 मई।** पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी दतिया द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में उपस्थित अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान, दतिया प्रभारी मंत्री एंदल सिंह कंषाना, क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय, पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीर कुशवाहा, संभाग प्रभारी डॉ. अभय यादव, जिला प्रभारी गजेंद्र सिकरवार, जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी कौशल शर्मा, सेवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल, पूर्व सांसद अशोक अर्गल, जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है। इसके माध्यम से कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व विकास, वैचारिक परिपक्वता और संवाद कौशल को विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे आने वाले समय में संगठन की कार्य क्षमता और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## नवागत डीपीसी तोमर ने पदभार ग्रहण किया

**दतिया, 9 मई।** शनिवार को नवागत डीपीसी हीरेन्द्र सिंह तोमर ने ऑफिस में पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। इस दौरान पूर्व डीपीसी राजेश शुक्ला, सेंवढ़ा बीआरसी आशीष कंचन, एपीसी संतोष शर्मा, राजू लोचन शर्मा, अजय तिवारी, अशोक साहू सहित अन्य कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।

# युकां के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पीताम्बरा पीठ पर की पूजा अर्चना

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 9 मई।** दतिया अल्प प्रवास पर पहुंचे भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानू , इस अवसर पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया साथ ही सम्मान समारोह आयोजित किया गया कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने कहा की युवा कांग्रेस कांग्रेस पार्टी की रीढ़ की हड्डी है जब-जब कांग्रेस पार्टी संकट में आई है तो युवा कांग्रेस ने संकट मोचन की भूमिका निभाई है आने वाले मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में युवा कांग्रेस बड़ी भूमिका में रहेगी



तत्पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिब ने श्री पीतांबरा पीठ पहुंचकर माई महाराज की पूजा अर्चना की साथ ही वनखंडेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी शिवी चौहान, सह प्रभारी रुपेश भदौरिया, प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया, राष्ट्रीय महासचिव मितेंद्र सिंह, राष्ट्रीय सचिव हैवरन कंसाना, संभागीय प्रभारी राजवीर कुड़िया, रोहित यादव सहित युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे स्थानीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में वरिष्ठ कांग्रेस ने पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त अवधेश नायक, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामकिंकर गुर्जर, दतिया शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजय शुक्ला, अभिषेक तिवारी, दारा सिंह कमरिया सहित सैकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेस के नेता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# थैलेसीमिया की जांच जरूर करानी चाहिए : डॉ . अजमेरिया

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 9 मई।** विश्व थैलेसीमिया दिवस है, जिसका उद्देश्य इस बीमारी के विषय में लोगों को जागरूक करना है जिसमें मैंने बहुत करीब से इस बीमारी से ग्रसित बच्चों और उनके माता-पिता के जीवन के संघर्षों को देखा है और उनकी मुस्कान के पीछे के दर्द को महसूस किया है। इसलिए मैं हमेशा इस कोशिश में रहता हूं कि कोई भी बच्चा इस बीमारी की चपेट में ना आए। हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था भी इस दिशा में लगातार कार्य कर रही है, लेकिन इसका सबसे बड़ा निदान इसका बचाव है यानी इस बीमारी को बच्चों में आने ही नहीं देना। उक्त बात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष अजमेरिया ने कार्यक्रम के दौरान कही।



उन्होंने कहा कि बच्चे तो सब सह लेते हैं, लेकिन अगर हम इनके माता-पिता से बात करें तो समझ आता है कि अगर समय रहते इस बीमारी की पहचान हो जाती, तो आज बहुत कुछ बेहतर हो सकता था। क्योंकि यह एक अनुवांशिक बीमारी है, जिसमें बच्चों के माता-पिता इसके वाहक होते हैं। उनमें यह बीमारी उस जीन में छुपी होती है, जिससे वे खुद भी अनजान रहते हैं, क्योंकि उनमें कोई विशेष लक्षण दिखाई नहीं देते या बहुत हल्के रहते हैं। और जब बच्चों में बार-बार खून की कमी होने लगती है, बार-बार खून चढ़ाने की जरूरत पड़ती है, तब जाकर हमें समझ आता है कृ काश ये बीमारी नहीं हुई होती।

इसलिए मैं हमेशा कहता हूं कि हर वो कपल जो शादी करने जा रहा है, उसे इसकी जांच जरूर करानी चाहिए। और ऐसे दंपति जो बच्चा करने की योजना बना रहे हैं, या अगर महिला गर्भवती है, तो पहली तिमाही में इसकी जांच जरूर कराएं, ताकि भ्रूण में समस्या होने पर समय रहते उचित निर्णय लिया जा सके। यही इसका सबसे बड़ा उपाय है। और मैं हमेशा कहता हूं कि यह एक अनुवांशिक रोग है, जो बच्चों के छूने, साथ रहने या खेलने से संक्रमित नहीं होता। इस बीमारी में बच्चों को समय-समय पर नियमित खून चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। और लगातार खून चढ़ने से शरीर में बढ़ने वाले आयरन से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए दवाइयां दी जाती हैं। बोन मैरो ट्रांसप्लांट आज इसका एक विशेष उपचार है।

## निरंकारी मिशन का रक्तदान शिविर आज

**दतिया, 9 मई।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संत निरंकारी चेरिटेबिल फाउंडेशन शाखा दतिया द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन 10 मई रविवार को प्रात:10 बजे से दोपहर1बजे तक स्थानीय संत निरंकारी सत्संग भवन भांडेरी फाटक मार्ग पर आयोजित किया जा रहा है संत निरंकारी चेरिटेबिल फाउडेंशन दतिया द्वारा सभी जन मानस से निवेदन किया है की अधिक से अधिक संख्या मे रक्तदान कर मानव मात्र के लिए महा दान का संकल्प ले ओर निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज के मानव कल्याण सूत्र रक्त इंसान की नाड़ियों मे बहे, नालियों मे नहीं बहे को सार्थक करें।

# आपातकालीन स्थिति के लिए किया प्रशिक्षित

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 9 मई।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अंतर्गत मनाए जा रहे रेडक्रॉस सेवा सप्ताह के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा दतिया के सौजन्य से शासकीय कन्या हाईस्कूल होलीपुरा में निरोगी काया अभियान कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला रेडक्रॉस सोसायटी सचिव पुनीत टिलवानी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में और प्रशिक्षणकर्ता के रूप में जिला चिकित्सालय आरएमओ डॉ. दिनेश सिंह तोमर रहें। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती पूजन व माल्यार्पण कर मां की वंदना की। उपरांत विद्यालय के प्राचार्य आर एस सेंगर, शिक्षक ऋषिराज मिश्रा, शिक्षिका ममता तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया। सचिव पुनीत टिलवानी ने रेडक्रॉस सोसायटी की स्थापना, उद्देश्य से लेकर रेडक्रॉस के सिद्धांतों व सामाजिक कार्यों के ऊपर प्रकाश डालते हुए छात्रों को रेडक्रॉस से जुड़ने की अपील की।



तत्पश्चात डॉ दिनेश सिंह तोमर ने छात्र-छात्राओं को सीपीआर प्रशिक्षण देते हुए विस्तार से आपातकाल स्थिति में सी पी आर के द्वारा किसी व्यक्ति की जान बचाने के प्रयास हेतु प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम परिसर में सिर्फ महिला शिक्षिका व बालिकाओं की ही उपस्थिति रही। इन कार्यक्रमों में कार्यक्रम का संचालन शिक्षक व जूनियर रेडक्रॉस काउंसलर शैलेन्द्र खरे ने तथा आभार सौरभ खरे ने व्यक्त किया।



# नवागत एसपी ने जनसुनवाई में सुनी लोगों की समस्याएं

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 9 मई।** जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल ने पदभार संभालते ही आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेना शुरू कर दिया है। शनिवार को एसपी कार्यालय में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। खास बात यह रही कि एसपी खंडेलवाल जैसे ही कार्यालय पहुंचे, बाहर पहले से ही लोग अपनी समस्याएं लेकर खड़े मिले। यह देखकर उन्होंने बिना देर किए ऑफिस के बाहर ही फरियादियों से आवेदन लेना शुरू कर दिया और एक-एक व्यक्ति की समस्या ध्यानपूर्वक सुनी।

जनसुनवाई के दौरान कई ऐसे मामले सामने आए, इस पर एसपी ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए और फरियादियों को शीघ्र न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। एसपी ने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि आम जनता की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और अनावश्यक रूप से किसी भी फरियादी को परेशान न किया जाए। इस दौरान आकांक्षा जैन, सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# सोफ्ता आंगनबाड़ी केंद्र पर वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित

## महिलाओं को बैंक योजनाओं, बीमा की दी गई जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**भांडेर, 9 मई।** ग्राम सोफ्ता स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम एवं जांगरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को बैंकिंग योजनाओं, बीमा योजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक भांडेर से दीप्ति अग्रवाल रहीं।

उन्होंने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के सभी पात्र हितग्राही इस अवसर का लाभ अवश्य लें। वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में आरोह फाउंडेशन से एफसीजी भानु प्रताप ने विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अटल पेंशन योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष तक के व्यक्ति जुड़ सकते हैं, जिसमें भविष्य में 1000 से 5000 तक मासिक पेंशन प्राप्त होती है। वहीं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 18 से 70 वर्ष तक के व्यक्तियों को दुर्घटना होने पर 12 लाख तक की बीमा सहायता दी जाती है।

उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की जानकारी देते हुए बताया कि 18 से 50 वर्ष तक के व्यक्ति इस योजना का लाभ ले सकते हैं, जिसमें मृत्यु होने पर परिवार को 12 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के 18 से 40 वर्ष तक के श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु के बाद 13000 मासिक पेंशन का लाभ मिलता है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रानी श्रीवास्तव, अभिलाषा, मंजू, दीक्षा दोहरे एवं भानु प्रताप का विशेष सहयोग रहा।

## जनगणना कार्य का जिला प्रभारी ने किया निरीक्षण

**दतिया, 9 मई।** जनगणना कार्य को त्रुटिरहित एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से जनगणना के जिला प्रभारी प्रिंस राठौर ने ग्राम पथर्रनारायण, बेरछ एवं अजीतपुरा सहित अन्य ग्रामों का दौरा कर जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रगणकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की बारीकी से समीक्षा की तथा मकानों की नंबरिंग एवं घर-घर जाकर ली जा रही जानकारी का अवलोकन किया। जिला प्रभारी प्रिंस राठौर ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर यह भी पूछा कि प्रगणक सही तरीके से जानकारी ले रहे हैं या नहीं तथा किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आधार पर शासन की विभिन्न योजनाएं एवं नीतियां तैयार की जाती हैं। इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए।

# दुकानदार को उधारी के पैसे मांगना पड़ा भारी


## दो पक्षों में हुआ पथराव, चार घायल

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 9 मई।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिरोल में उधारी के पैसे मांगने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। शुक्रवार रात हुई मारपीट के बाद शनिवार सुबह दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर पत्थरबाजी हुई, जिसमें चार लोग घायल हो गए। घायलों जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम सिरोल निवासी रामलाल गांव में किराना दुकान संचालित करता है। शुक्रवार रात गांव का ही सुंदरलाल जाटव दुकान पर सामान लेने पहुंचा था। इसी दौरान दुकानदार ने उससे पुराने उधार के पैसे देने की बात कही। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई और विवाद बढ़ते-बढ़ते मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि गुस्साए सुंदरलाल ने दुकानदार रामलाल के सिर पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद फरियादी की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था।

वहीं शनिवार सुबह विवाद ने और उग्र रूप ले लिया। दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और गांव में जमकर पत्थरबाजी हुई। घटना में चार लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है जिसमें दोनों पक्षों के बीच जमकर पथराव होता दिखाई दे रहा है। मामले को लेकर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## डाक विभाग में आधार सुधार शिविर से लोगों को मिला लाभ

**दतिया, 9 मई।** डाक विभाग द्वारा देशव्यापी आधार कार्ड सुधार अभियान के तहत दतिया जिले के मुख्य डाकघर में दो दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया था। जो 8 और 9 मई को आयोजित था।

इस अभियान का उद्देश्य था कि, अधिक से अधिक लोगों तक आधार संबंधी सेवाओं का लाभ पहुंच सके। इस अभियान के अंतर्गत दतिया के चयनित स्थानों पर आधार बनाए गए एवं उसमें सुधार भी किए गए। यह विशेष सुविधा का उन लोगों ने लाभ उठाया जिनके आधार नहीं बन रहा था या, उसमें किसी भी प्रकार की जानकारी अपडेट नहीं हो रही थी। उक्त विशेष शिविर के लिए लोगों ने कहा है कि, विभाग द्वारा ऐसे शिविर हर माह लगाए जाना चाहिए जिससे लोगों को आसानी से सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

# सरस्वती शिशु मंदिर मुडियन के समर कैंप का समापन

**नवभारत न्यूज**

**दतिया 9 मई।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर, मुड़ियन का कुंआ में आयोजित दस दिवसीय समर वेकेशन कैंप का शनिवार को रंगारंग समापन समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति सदस्य संतोष तिवारी एवं कार्यक्रम अध्यक्ष जिला मंत्री, विश्व हिंदू परिषद, अजयराज शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व वंदना के साथ किया गया।




### प्रतिभा का प्रदर्शन और उत्साह

शिविर के दौरान भैया-बहिनों ने विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिसकी झलक समापन समारोह में देखने को मिली। इस वर्ष कैंप में विभिन्न विधाओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया कराटे 15 भैया-बहिनों ने आत्मरक्षा के गुर सीखे (प्रशिक्षक बहिन हर्षिता शर्मा)। शतरंज चार विद्यार्थियों ने मानसिक कौशल का प्रदर्शन किया प्रशिक्षक भैया शिवांश गुप्ता। शिशु वाटिका 10 नन्हे मुन्नों ने सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लिया। अन्य गतिविधियाँ डांस (8), कंप्यूटर (6) और मेंहदी (4) विधाओं में भी भैया-बहिनों ने अपनी कुशलता दिखाई। अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य ऋषि कुमार पाण्डेय ने कराया, जबकि स्वागत राकेश कुमार पाण्डेय एवं प्रियंका यादव दीदी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अम्बेडकर नगर के प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव एवं बालाजी नगर से महेश चौरसिया उपस्थित रहे। वक्ताओं ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में ऐसे शिविरों की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रीमती छाया गुप्ता दीदी ने किया।

आयोजन को सफल बनाने में श्रीमती आद्दा सक्सैना, श्रीमती नीतू गुप्ता, श्रीमती प्रियंका तिवारी, जगत सिंह पाल, ठाकुर दास कुशवाहा, श्रीमती रंजना रावत एवं समस्त विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा। समापन के अंत में संतोष कुमार सेन आचार्य ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों एवं माताओं का सम्मान आज

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 9 मई।** जिला कुराश संघ द्वारा 10 मई को शाम 5 बजे राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों एवं उनकी माताओं का सम्मान समारोह का आयोजन स्टेडियम ग्राउंड दतिया में किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में जिले के राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों एवं उनकी माताओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करना तथा खेलों के प्रति युवाओं को प्रेरित करना है।

सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में भूमि पाल, हासिम खान, चंचल पटवा, कृष्णा यादव, माही साहू, नव्या रजक, लवेश नायक, रुद्र शर्मा, ऋषि राय, निकुंज गुर्जर, अनन्या प्रजापति, प्रतीक्षा दोहरे, इंद्रकांत पाल,आस्था सेन एवं मानवी राजा बुंदेला आदि शामिल हैं। इन खिलाड़ियों की माताओं को भी समारोह में विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रदीप अग्रवाल , उपस्थित रहेंगे। समारोह में जिले के खेल प्रेमी, खिलाड़ी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

## तेंदुए ने बैल का किया शिकार

**धार.** मप्र में धार जिले के बाग क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बानदा के मावड़ियापुरा में एक तेंदुए ने बाड़े में घुसकर बैल का शिकार कर लिया. घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है. वन विभाग सूत्रों के अनुसार गुरुवार रात ग्रामीण कनसिंह ने अपने घर के सामने बने बाड़े में बैल बांध रखा था. देर रात तेंदुआ बाड़े में घुस गया और बैल की गर्दन दबोचकर उसे मार डाला.

# कटनी अब डोलोमाइट के खनन के लिए भी तैयार

## माइनिंग कैपिटल के रूप में उभर रहा कटनी



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 9 मई.** मप्र का कटनी जिला देश के महत्वपूर्ण खनिज एवं औद्योगिक केंद्रों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहा है. चूना पत्थर, बॉक्साइट, लौह अयस्क, मार्बल और लेटराइट जैसे बहुमूल्य खनिजों से समृद्ध कटनी अब स्वर्ण अयस्क के साथ ही डोलोमाइट के विशाल भंडार खनन के लिये तैयार हैं.

कटनी के बड़ेरा एवं बचरबाड़ा में 50 हैक्टेयर से अधिक क्षेत्र में तीन बड़े डोलोमाइट ब्लॉक्स को माइनिंग कॉर्पोरेशन के पक्ष में आरक्षित किया गया है. इस निर्णय से कटनी में खनिज आधारित उद्योगों के विस्तार को नई गति मिलेगी. इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब कटनी माइनिंग कैपिटल के रूप में तेजी से विकसित हो रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि कटनी केवल चूना नगरी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह खनिज आधारित औद्योगिक विकास, निवेश, रोजगार और आधुनिक खनन प्रबंधन का राष्ट्रीय मॉडल बनेगा. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खनिज संपदा के वैज्ञानिक, पारदर्शी और जनहितकारी उपयोग के माध्यम से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कटनी को कनकपुरी अर्थात स्वर्ण नगरी के रूप में विकसित करने की परिकल्पना को विशेष महत्व दिया है. उन्होंने कहा कि कटनी की धरती केवल खनिज संपदा का भंडार नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश की औद्योगिक प्रगति और आर्थिक शक्ति का नया आधार बन रही है. कटनी की स्लीमनाबाद तहसील के इमलिया गांव, जिसे स्थानीय स्तर पर सुनाही के नाम से भी जाना जाता है. यहाँ पर लगभग 3.35 लाख टन से अधिक स्वर्ण अयस्क मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है. यह खोज लगभग 50 वर्षों की लंबी भू-वैज्ञानिक प्रक्रिया और सर्वेक्षण के बाद की गई है. वर्ष 1974 में प्रारंभ हुए भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षणों के आधार पर इस क्षेत्र में स्वर्ण भंडार की संभावना व्यक्त की गई थी, जिसे अब वर्ष 2025-26 में अंतिम रूप दिया गया है.